हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–100 : जौनपुर, शनिवार 04 जून 2022 | सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) | पेज –4 | मूल्य : 2 रूपया

## आज गोरखपुर आ रहे हैं राष्ट्रपति कोविंद : गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह का करेंगे शुभारंभ

गोरखपुर ब्यूरो : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आ रहे हैं। गोरक्षनगरी उनके स्वागत को पूरी तरह से तैयार है। यह तीसरा मौका है, जब रामनाथ कोविंद गोरखपुर आ रहे हैं। इससे पहले महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के कार्यक्रम और आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में आए थे। पत्नी सविता कोविंद के साथ आ रहे राष्ट्रपति गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ करेंगे, फिर गोरखनाथ मंदिर जाकर गुरु गोरखनाथ का दर्शन–पूजन करेंगे। 20 मिनट का होगा संबोधन राष्ट्रपति भवन से जारी कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को 20 मिनट तक संबोधित करेंगे। उनके आगमन पर गीता प्रेस में चुनिंदा लोगों को बुलाया गया है। डीएम विजय किरन आनंद ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। मजिस्ट्रेट भी तैनात डीएम विजय किरन आनंद ने बताया कि कहीं से कोई चूक न हो जाए, इसके लिए हर प्वाइंट पर पुलिस अधिकारियों के साथ ही मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। जहां–जहां राष्ट्रपति जाएंगे वहां–वहां पूरे रास्ते में मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। नया सवेराः रामगढ़ताल स्थित नया सवेरा पर राष्ट्रपति रामनाथ



कोविंद, परिवार के साथ शाम सात बजे के बाद पहुंचेंगे। वहां लाइट एंड साउंड शो देखेंगे, जो 29 मिनट का होगा। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रशासन, पुलिस व जीडीए के आला अफसर मौजूद रहेंगे। वहां से निकलकर राष्ट्रपति रात्रि विश्राम के लिए सर्किट हाउस पहुंचेंगे। मुख्य मंच पर चार लोगों की रहेगी उपस्थिति गीता प्रेस में बनाए गए मुख्य मंच पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, धर्मपत्नी व देश की प्रथम महिला सविता कोविंद, राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

## आजमगढ़ लोकसभा सीट पर दिनेश लाल यादव होंगे भाजपा के उम्मीदवार : रामपुर सीट से घनश्याम लोधी मैदान में

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने यूपी में लोकसभा की दो सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आजमगढ़ सीट पर भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ उम्मीदवार होंगे। वह 2019 के लोकसभा चुनाव में भी इसी सीट से लड़े थे पर अखिलेश यादव से हार गए थे। वह फिर से मैदान में हैं। भाजपा ने रामपुर लोकसभा सीट पर घनश्याम लोधी को उम्मीदवार बनाया है। घनश्याम लोधी सपा के विधान परिषद सदस्य रह चुके हैं। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हुए थे। सपा सुशील आनंद पर लगा सकती है दांव सपा आजमगढ़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पूर्व सांसद बलिहारी बाबू के पुत्र सुशील आनंद को प्रत्याशी बना सकती है। हालांकि शुक्रवार को इसके लिए पार्टी ने किसी को फॉर्म बी जारी नहीं किया है। पर माना जा रहा है कि सुशील के नाम पर आलाकमान मुहर लगा चुका है। पार्टी अभी तक इस सीट पर डिंपल यादव अथवा रमाकांत यादव को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही थी। बताया जा रहा है कि रमाकांत ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया और उन्होंने बदली सियासी परिस्थितियों को देखते हुए पार्टी नेतृत्व के सामने यहां से दलित उम्मीदवार उतारने का प्रस्ताव रखा है। इस पर बलिहारी बाबू के बेटे सुशील का नाम पहले स्थान पर लिया जा रहा है। बलिहारी बामसेफ के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि जल्द ही सूची सार्वजनिक की जाएगी। कई नामों पर विचार चल रहा है।

### सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर (निकट नारायण नर्सिंग होम रासमण्डल होटल रिवर व्यू के सामने) जौनपुर में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का आयोजन 06 जून 2022 को प्रातः 10 बजे कार्यालय कैम्पस में किया गया है, जिसमें विभिन्न कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जो साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते एवं वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## योग पद्धति अपनाना शरीर को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम उपाय : कृष्ण दत्त मिश्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लोक भवन में एक औपचारिक कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की उपस्थिति में ''भारतीय आदर्श योग संस्थान'' का गठन हुआ तथा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, भारतीय आदर्श योग संस्थान के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा, योग प्रशिक्षक राजकुमार राज एवं आयुर्वेद एवं योग विभाग के निदेशक सत्यनारायण सिंह के द्वारा लोक भवन में भारतीय योग संस्थान



की विधिवत शुरुआत की गई इस अवसर पर योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने कहा योग पद्धति को अपनाकर शरीर को पूर्णतया स्वस्थ रखा जा सकता है उन्होंने कहा संगठन का लक्ष्य उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में अपनी पूरी क्षमता के साथ योग का प्रचार प्रसार करते हुए एक एक व्यक्ति को जोड़ने का है मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने नवगठित संगठन को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी तथा अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने की अपील की। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा प्रदेश के व्यापारियों को योग पद्धति अपनाने के लिए संगठन प्रेरित करेगा। योग प्रशिक्षक राजकुमार ''राज''ने जानकारी देते हुए बताया संगठन प्रत्येक माह अलग–अलग जिलों में योग शिविर आयोजित करेगा ''भारतीय आदर्श योग संस्थान''की कमेटी में संरक्षक के रूप में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, संरक्षक के रूप में संजय कुमार वैश्य (पूर्व सभासद छावनी बोर्ड), सेवानिवृत्त कर्नल अभय सिंह , उद्योगपति गौरव जाजू, गुरदीप सिंह, राजेंद्र सिंह चुने गए तथा अध्यक्ष के रूप में कृष्ण दत्त मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर गोपाल कृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष के पद पर राधेश्याम चौरसिया, सचिव के पद पर राजकुमार, कोषाध्यक्ष के पद पर चंद्रशेखर, संगठन मंत्री के पद पर अनिल कुमार शर्मा, अशोक कुमार निगम, प्रचार मंत्री के पद पर कृष्णा कुमार गुप्ता तथा कार्यकारी सदस्य रूप में राकेश कुमार साहू, कमलेश कुमार पांडे, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, गीता त्रिपाठी, चुनी गई।

## लखनऊ में बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बिजली चोरों की मौजा ही मौजा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पहले विद्युत विभाग का नारा होता था कि बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है। आज बिजली की चोरी को देखते हुये नारा यह होना चाहिये कि बिजली का चोरी को रोकना ही बिजली का उत्पादन है। राजधानी के घनी बस्तियों वाले इलाकों में बिजली की चोरी अपने चरम पर है। नाका थाना के अर्न्तगत आने वाले दुगाँवा, बशीरतगंज जैसे इलाके जो संकरी गलियों में स्थित है। यहां बिजली चोरी की चेकिं करने अधिकारी व कर्मचारी आते ही नहीं है। साथ ही अभी तक क बहुत से घरों में मीटर घर के अन्दर ही लगे है। लागों ने मीटर के पास बायपास कर धड़ल्ले से बिजली चोरी कर रहे है। करा लिये मीटर स्लो– दुगांवा क्षेत्र के लोगों ने एक कदम आगे बढ़कर अपने मीटर को ही किसी जुगाड़ से स्लो करवा लिया है। जिससे दो किलोवाट के लोड पर दो से ती ए0सी0 चलाये जा रहे है। वैसे यह क्षेत्र अमीनाबाद और यूपीपीसीएल दोनों विद्युत उप–खण्डों के अर्न्तगत आता है। यहां के बिजलीचोर मीटर रीडर को भगा देते हैं। रीडिंग होने ही नहीं देते है। क्योंकि इससे बिजली चोरी पकड़ी जा सकती है। लाइन मैन कर रहे है मोटी कमाई– युपीपीसीएल उप–खण्ड के लाइनमैन गलियों में चक्कर लगाते रहते है और कटिया से बिजली चोरी पकड़े जाने पर अधिकारियों तक मामला न जाने के एवज में बीस से तीस हजार की मांग करते है। सौदा दस हजार से पन्द्रह हजार में तय हो जाता है। और बिजली चोरी करने की खुली छूट मिल जाती है। मीटर को स्लो करके बिजली चोरी करने का जुगाड़ भी यही लाइनमैन बताते है। जिसके बदले में प्रतिमाह एक बंधी रकम का हिस्सा उनको मिल जाता है। दोनो विद्युत उप–खण्ड के एसडीओ व जेई अपने ए0सी0 कमरों में आराम करत है। बाहर आते ही नहीं है और दुगाँवा के उपभोक्ता आराम से चोरी की बिजली से ए0सी0 चलाकर शिमला का मला ले रहे है। विभाग के अधिकारी यदि अपने कमरों से निकलकर केवल बिजली की चोरी पर लगाम लगा दे तो करोड़ो का राजस्व वसूला जा सकता है।

## मौजूदा परिवेश में बच्चों को मल्टी टैलेंटेड बनाना हमारा प्रयास : डॉक्टर विनीता कामरान

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। जब किसी को पुरस्कार मिलता है, तो वह समाज की उस शखि़्सयत के प्रति कृतज्ञता को परिलक्षित करता है। सिटी मॉंटेसॉरी स्कूल कानपुर रोड ब्रांच की वरिष्ठ प्रधानाचार्या डॉ विनीता कामरान जो की एक नाम चीन शिक्षाविद होने के साथ साथ स्वयँ में बहु आयामी प्रतिभा की धनी हैं , उनकी प्रशासनिक व्यवस्था भी बहुत ही अच्छी है। उनके कुशल नेतृत्व में स्कूल के प्रतिभावान अध्यापक इस प्रचंड गर्मी में अतिरिक्त समय समय निकाल कर ग्रीष्मावकाश की छुट्टी में विद्यालय में आकर बच्चो को पढाई के अलावा एक्स्ट्रा मल्टी एक्टिविटी की प्रेक्टिस करा के बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को विकसित करने की अनूठी पहल कर रहे हैं । देव तुल्य शिक्षक बच्चों को जीवन के कई आयाम को छूने और विभिन्न कलाओं में निपुण होने का अवसर प्रदान कर रहे हैं । डॉक्टर विनीता कामरान के नेतृत्व में संचालित मल्टी टैलेंट पाठशाला में खेल,गीत,योग, संगीत और हर क्षेत्र में बच्चो को अव्वल बनाने का अथक प्रयास किया जा रहा है । डॉ जगदीश गांधी जी के मार्ग दर्शन और डॉ विनीता कामरान के संयोजन में स्कूल के अध्यापक जो अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं वो आगे चलकर बच्चो के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा । डॉ विनीता कामरान को "लाइफ टाइम अचीव्मेंट" अवार्ड का मिलना यह दिखाता है कि उनके संपूर्ण जीवन का मकसद ही इस समाज को आगे ले जाना है और उनको ये समाज भी स्वीकार करता है। ये सच है कि समाज



की दिशा शिक्षक ही तय करते हैं। इस परिस्थिति में शिक्षकों , छात्रों और छात्राओं को एक सूत्र में पिरोकर बेहतरीन समन्वय के जरिये डॉ विनीता ने सभी को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर रखा है। वर्तमान में उनके नेतृत्व में पढ़ाई के साथ साथ समर कैम्प में बच्चे खेल और अन्य गतिविधियों के द्वारा मल्टी टैलेंट में निपुणता की ओर बढ़ रहे हैं। डॉक्टर विनीता कामरान जी सहित सभी शिक्षक अपने में अव्वल हैं और बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिये सतत प्रयत्नशील हैं । बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के क्षेत्र में इन सभी देव तुल्य शिक्षकों और डॉक्टर विनीता कामरान का योगदान अत्यंत प्रशंसनीय , सराहनीय और अनुकरणीय है।

## शाहगंज में तहसील समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय साहनी की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शाहंगज तहसील के सभागार में किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों के द्वारा जनता की समस्याओं की सुनवाई करते हुए निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष फरियादियों द्वारा कुल 143 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व विभाग की 110, पुलिस विभाग की 18, विकास विभाग की 07 तथा अन्य 08 शिकायतें प्राप्त हुई मौके पर 16 शिकायतों का निस्तारण करते हुए शेष शिकायती प्रार्थना पत्र को सम्बन्धित अधिकारियों को सौपा गया और ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों और कानूनगों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद से सम्बन्धित होती है इसलिए पुलिस एवं राजस्व विभाग समन्वय स्थापित करते हुए शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा है कि शिकायतों के निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ताओं से अवश्य बात कर फीडबैक प्राप्त करें कि वे निस्तारण से सन्तुष्ट है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी सन्तोष कुमार को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय का निर्माण हो गया है वहा पर रोस्टर के हिसाब से लेखपाल, सचिव, कानूनगो बैठना सुनिश्चित करें और आम जनमानस की समस्याओं को समय से निस्तारित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी. बी सिंह, उपजिलाधिकारी शाहगंज नितीश सिंह, क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, तहसीलदार महेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कश्मीरी पंडितों की हत्या के विरोध में आप पार्टी ने किया प्रदर्शन एवं सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में कश्मीरी पंडितों की निर्मम हत्या और पलायन के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा प्रदान करने के संदर्भ में इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि जम्मू कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के साथ आज वही हो रहा है जो 90 के दशक में उनके साथ हुआ था उनको घरों, दफ्तरों और सड़कों पर निशाना बनाया जा रहा है उन्हें मारा जा रहा है, उनकी हत्याएं की जा रही है, इसी क्रम में पूर्व जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने कहा कि यह मानवता और देश के खिलाफ है इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है । इसी क्रम में नगर पालिका प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने कहा की इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर में एक महीने में कई टारगेट किलिंग के मामले सामने आए हैं। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि राहुल भट्ट, रियाज अहमद, सैफुल्लाह कादरी, अमरीन भट्ट और शिक्षिका रजनी बाला, बैंक मैनेजर विजय कुमार की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीष केसरी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से कश्मीरी पंडित डरे और सहमे हुए हैं वो पलायन कर रहे



हैं। दहशत के माहौल में रोजी, रोजगार और व्यापार छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। अतः आम आदमी पार्टी आपसे निवेदन करती है कि कश्मीर के हालात में सुधार के लिए और वहां कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जाए। आए दिन कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हो रही हैं। पूर्व जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य ने कहा कि आतंकियों के लिएखिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किये जाए। जिससे कश्मीरी पंडितों को पलायन न करना पड़े और वो सुरक्षित माहौल में अपने परिवार सहित गुजर–बसर कर सकें । इस कार्यक्रम में उपस्थित साथी शिव जी मिश्रा बबलू गुप्ता मोहम्मद शमीम रमाकांत चौबे मानिक चंद्र मौर्य राजेंद्र कुमार सिंह दिलीप कुमार सिंह जगदंबा जयप्रकाश चौहान संजय कुमार जसवंत कुमार इस्लाम खान रवि प्रकाश प्रेम प्रकाश शैलेंद्र यादव मौजूद रहे।

## प्रकृति संरक्षण पर ध्यान दें: प्रो. वंदना राय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव एवं पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर विज्ञान संकाय की प्रोफेसर वंदना राय ने कहा कि हमें आवश्यकताओं को पूरा करते हुए प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत हैस हमें अनावश्यक रुप से संचयन की आदत से बचना चाहिए अगर ऐसा करते हैं तो हम दूसरे का हक मार रहे हैं ऐसी स्थिति में भारतीय संस्कृति के द्वारा दिए गए वसुधैव कुटुंबकम का ध्येय पूरा नहीं होता है और पूरे विश्व में वस्तुओं का अधिकाधिक संकलन क्लाइमेट चेंज एवं पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो राजेश शर्मा ने छात्र एवं छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि जब हम प्रकृति पर अनाधिकृत रूप से कब्जा जमाते हैं तो प्रकृति उसको स्वतः बैलेंस करती है अतः सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं एनवायरमेंटल डेवलपमेंट की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर



पर आचार्य डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि जैव विविधता हमेशा प्रदूषण से नष्ट होती है जिससे और संतुलन स्थापित होता है अगर हम पौध संरक्षण करते हैं तो पारिस्थितिक का संतुलन बना रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेक कुमार पाण्डेय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुधीर कुमार उपाध्याय ने किया स इस अवसर पर डॉ एस पी तिवारी, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ अवधेश कुमार मौर्य, डॉक्टर प्रभाकर सिंह, डॉ ऋषि श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में ज्यादा रिश्ते होना जरुरी नहीं है पर जो रिश्ते हैं उनमें जीवन होना जरुरी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# जम्मू और कश्मीर : क्यों फिर सुलग उठी घाटी

कश्मीरी पंडितों को रिफ्यूजी कैंपों में रखने के बजाय जम्मू में अच्छी कॉलोनी बनाकर रहने के लिए तो दिया जा सकता था। सरकार को सबसे पहले तो कश्मीरी पंडितों को अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इन लोगों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक जगह पर कॉलोनी बनानी चाहिए।

कश्मीर घाटी एक बार फिर सुलग उठी है, सेब के बागों से बारूदी गंध उठने लगी है और केसर की क्यारियों में इंसानों का लहू बहने लगा है। दहशतगर्द एक बार फिर आतंक का माहौल पैदा करने के लिए लोगों को चुन–चुनकर मारने लगे हैं। पिछले छब्बीस दिनों में टारगेट किलिंग (चुन–चुनकर हत्या) की नौ घटनाएं हो चुकी हैं। घाटी से कश्मीरी पंडित एक बार फिर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। लोगों के जेहन में यह आशंका है कि कहीं फिर से 1990 के दशक का हिंसक दौर न लौट आए।

यह सब क्यों हो रहा है और इससे निपटने के क्या उपाय हैं, इसे समझने के लिए अतीत के उन स्याह दिनों की तरफ मुड़ना होगा। जब 1990 के दशक में पाकिस्तान ने घाटी में आतंक के दौर को प्रायोजित किया था, तो उसके तीन लक्ष्य थे। पहला, घाटी के माहौल को इतना बिगाड़ दो कि आम कश्मीरियों का दिल्ली की सरकार पर से बिल्कुल भरोसा हट जाए। दूसरा घाटी में 99 से सौ फीसदी मुस्लिम आबादी रहे और वहां अशांति बनी रहे।

तीसरा लक्ष्य उसका यह था कि जब घाटी में 99 फीसदी मुस्लिम आबादी हो जाएगी और वहां अशांति रहेगी, तो वह दुनिया को बता सकेगा कि कश्मीर के लोग भारत के साथ नहीं रहना चाहते। इन्हीं उद्देश्यों के तहत उसने कश्मीर में आतंकवाद के दौर को प्रोत्साहित किया था। खैर, अब तीस साल बाद लगता है कि घड़ी की सुई फिर से उल्टी घूमने लगी है। इसकी वजह है कि इस दौरान दिल्ली में जो सरकारें थीं, उस पर स्थानीय कश्मीरी नेताओं का दबाव था कि आप जिस तरह से कश्मीर की मदद करते हैं, वह करते रहिए, तभी जनता आपके साथ आएगी।

अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद घाटी के स्थानीय नेताओं की कमाई खत्म हो गई। इसलिए कश्मीर के स्थानीय दलों के नेताओं ने अनुच्छेद 370 को हटाने का एजेंडा बनाया है। पिछले तीस वर्षों से घाटी में जो हालात खराब हुए हैं, उसमें सिर्फ सीमा पार आतंकवादियों का ही हाथ नहीं रहा है, बल्कि स्थानीय नेता भी चाहते थे कि हालात खराब रहें, ताकि उन्हें भारत सरकार की तरफ से पैसा मिलता रहेगा। और ऐसा किसी एक पार्टी की सरकार ने नहीं, बल्कि सभी सरकारों ने किया है।

जम्मू और कश्मीर में अशांति के पीछे पाकिस्तान का हाथ तो स्पष्ट रहा ही है। चीन भी हमेशा से चाहता है कि भारत कश्मीर में उलझा रहे, ताकि चीन जो लद्दाख क्षेत्र में कर रहा है, उस पर ध्यान न दे सके। इसके अलावा, चीन भारत की प्रगति से ईर्ष्या करता है, इसलिए चाहता है कि कश्मीर में अशांति रहे। मौजूदा सरकार का कहना है कि हम जम्मू और कश्मीर में हालात सामान्य बनाना चाहते हैं।

लेकिन इससे उनका क्या तात्पर्य है, कि वहां चुनाव जीत सकें और अपनी सरकार का गठन करें या यह है कि वहां के लोग शांति पूर्वक रोजी–रोटी कमा सकें, स्वतंत्र एवं निर्भय होकर घूम–फिर सकें? अभी जो हिंसा हो रही है, उसमें सिर्फ पाकिस्तानी आतंकवादियों का ही हाथ नहीं है, बल्कि सूत्रों से ऐसी खबरें मिल रही हैं कि आतंकवादियों का अंतरराष्ट्रीय गुट भी कश्मीर में आ चुका है, जो स्थानीय छोटे–मोटे आतंकवादियों को लोगों को मारने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

इसके पीछे भी वही लक्ष्य है, जो 1990 के दशक में लक्ष्य था। पिछले तीस वर्षों में जम्मू और कश्मीर में जो बच्चे पैदा हुए और बड़े हुए हैं, उन्होंने लड़ाई–झगड़े, कर्फ्यू के सिवा कुछ देखा ही नहीं है। भले ही दिल्ली की सरकार का यह मानना हो कि कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने और चुनाव कराने से दुनिया को यह संदेश जाएगा कि कश्मीर में कोई अशांति नहीं है, लेकिन यह सिर्फ दिल बहलाने की बातें हैं। सिर्फ चुनाव कराकेआप लोगों के दिलों को नहीं जीत सकते।

आम आदमी को बुनियादी तौर पर रोटी, कपड़ा और मकान चाहिए और अपने ढंग से रहने, जीने, घूमने की स्वतंत्रता। जैसा कि एक बार मुझसे एक वरिष्ठ कश्मीरी नेता ने कहा था कि घाटी में आजादी का नारा लगाने का मतलब यह नहीं है कि वे भारत से अलग होने की बात करते हैं, बल्कि उन्हें घूमने, खरीदारी करने, जीने की स्वतंत्रता चाहिए। डर और खराब माहौल से भी लोग आजादी चाहते हैं। लोगों को सरकार से सुविधाएं मिलेंगी, तभी वे आतंकियों का सहयोग करना बंद करेंगे।

जहां तक कश्मीरी पंडितों की बात है, तो उन्हें रिफ्यूजी कैंप बनाकर जम्मू के आसपास रखा गया था। उन्हें भरोसा दिया गया था कि जैसे ही माहौल सुधरेगा, उन्हें वापस घाटी में बसा दिया जाएगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जो कश्मीरी पंडित होशियार थे, उन्होंने राजनीतिक वर्ग पर भरोसा करने के बजाय अपना रोजगार शुरू किया, सरकारी नौकरियां पकड़ीं और जीवन में आगे बढ़ गए। इतने वर्षों में सरकार को आतंकवादियों की हरकतों पर नियंत्रण कर लेना चाहिए था।

अगर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है, तो सरकार को कम से कम कश्मीरी पंडितों को यह बताना चाहिए कि हम आतंकियों से लड़ते रहेंगे, और उनके कल्याण के लिए कार्यक्रम चलाएंगे। कश्मीरी पंडितों को रिफ्यूजी कैंपों में रखने के बजाय जम्मू में अच्छी कॉलोनी बनाकर रहने के लिए तो दिया जा सकता था। सरकार को सबसे पहले तो कश्मीरी पंडितों को अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इन लोगों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक जगह पर कॉलोनी बनानी चाहिए।

वहां की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करनी चाहिए एवं आधारभूत सरंचनाएं विकसित करनी चाहिएय और जहां इन आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में श्रमिक लगे हैं, उनको सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। सिर्फ राजनेताओं और कश्मीरी पंडितों को ही नहीं, सभी नागरिकों के जीवन की सुरक्षा सरकार का दायित्व है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने वाल्मीकि, गोरखा, पाकिस्तान से आए शरणार्थियों और जनजाति समुदाय के लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए कदम उठा रही है, लेकिन सरकार को घाटी के बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी के लिए भी स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधाएं मुहैया करानी चाहिए, ताकि उनके मन में जलन न पैदा हो।

इसके अलावा, जिस तरह से परिसीमन में घाटी की सीटें कम की गई हैं और जम्मू की सीटें बढ़ाई गई हैं, उससे तो घाटी के मुस्लिमों का गुस्सा ही बढ़ेगा। बेशक पहले शेख अब्दुल्ला ने भी 1980 के आसपास इसमें काफी छेड़छाड़ की थी, और मुस्लिमों के अलावा बाकी समुदाय की उपेक्षा की थी। मौजूदा हालात में सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि क्या आप घाटी में चुनाव जीतना चाहते हैं या वहां के माहौल को सामान्य बनाना चाहते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बेकाबू होकर हाईवे से नीचे गिरी बस : 16 यात्री घायल

मथुरा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बस बेकाबू होकर सर्विस रोड से नीचे जाकर पलट गई। हादसे में 16 यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यमुना एक्सप्रेस–वे पर शनिवार सुबह नोएडा से आगरा की तरफ जा रही बस अनियंत्रित होकर सर्विस रोड से नीचे गिर गई। हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 65 सवारियों को लेकर बस पंजाब के लुधियाना से दिल्ली होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते बिहार के मुज्जफरपुर जा रही थी। शनिवार सुबह करीब 4:10 बजे थाना नौहझील क्षेत्र में माइल स्टोन 62 पर गांव अवाखेड़ा के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सड़क से नीचे गिर गई। हादसे के बाद चीख–पुकार मच गई। गांव अवाखेड़ा निवासी गुलवीर सिंह सरपंच ने बताया कि सुबह खेतों पर टहलने जा रहे थे। तभी एक्सप्रेसवे की तरफ से हादसा होने की तेज आवाज आई। दौड़कर देखा तो एक बस सड़क से नीचे गिरी हुई थी। बस में सवार यात्रियों की चीख–पुकार मच रही थी।



इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस व एक्सप्रेसवे कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि बस हादसे में करीब 16 लोग घायल हैं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। परिजनों को सूचना भेज दी गई है।

# राजधानी के व्यापारी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी कार्यक्रम में हुए शामिल

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के 50 पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने एक बयान जारी कर कहा उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे निवेश और नए उद्योग इकाइयों से व्यापारियों का व्यापार भी बढ़ेगा तथा रोजगार के नए अवसर सभी के लिए खुलेंगे। उन्होंने कहा अपरोक्ष रूप से व्यापारियों को भी इसका लाभ होगा। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल,नगर इकाई के अध्यक्ष और हरजिंदर सिंह ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम,ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, चेयरमैन अशोक यादव,नगर उपाध्यक्ष मसीहउजमा गांधी, मोहम्मद रिजवान कपूरथला अध्यक्ष,राजवीर सिंह ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष साकेत चतुर्वेदी, मनीष जैन, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, महिला इकाई की पदाधिकारी रीमा अग्रवाल, अंजलि मौर्या, रेनू अग्रवाल, वर्तिका शुक्ला, शालिनी रस्तोगी, मनोरमा




मिश्रा, मोहम्मद सलीम, गुरवीरत सिंह नारंग, अशोक भाटिया आशीष गुप्ता ,मोहम्मद फुरकान श्यामसुंदर राजपाल अमित कुमार अग्रवाल वैभव श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## घर बैठे डाकिया के माध्यम से पाएँ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि –पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

मृत्युन्जय प्रताप सिंह वाराणसी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य डीबीटी योजनाओं के तहत बैंक खातों में प्राप्त राशि की निकासी हेतु अब बैंक या एटीएम जाने की जरुरत नहीं है। डाक विभाग इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से घर बैठे लोगों को अपने बैंक खातों से यह राशि निकालने की सुविधा दे रहा है। आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (ए.ई.पी.एस) द्वारा बैंक खातों से भुगतान की सुविधा घर बैठे डाकिया के द्वारा प्राप्त हो सकेगी। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सभी मंडलाधीक्षकों और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधकों को इस हेतु व्यापक रूप से सघन अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया है। 4 जून को इस हेतु उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में महाभियान चलाया जायेगा, जो कि 13 जून तक अनवरत जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान 'आपका बैंक, आपके द्वार' की तर्ज पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंक खातों से धन निकासी की सुविधा दी जायेगी तथा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त का भुगतान विशेष प्राथमिकता रहेगी। इसके तहत रसोई से लेकर दुकान व खेत–खलिहान तक, गलियों से लेकर नदियों में नाव तक धन निकासी की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। डाकियों के पास उपलब्ध माइक्रो एटीएम से प्रतिदिन एक व्यक्ति द्वारा आधार लिंक्ड अपने बैंक खाते से दस हजार रूपए तक की रकम निकाली जा सकती है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डाकिया और ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा घर–घर जाकर लोगों के आधार लिंक्ड बैंक खाते से पैसा निकालने की सुविधा दे रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत भेजी गई डीबीटी रकम घर बैठे लोग अब अपने इलाके के डाकिया के माध्यम से निकाल पा रहे हैं, इसके लिए किसी बैंक या एटीएम पर जाने की जरूरत नहीं है। श्री यादव ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में अभी तक लगभग 15 लाख लोगों ने घर बैठे विभिन्न बैंकों




भारतीय डाक
India Post

के अपने खातों से 4.74 अरब रुपये की राशि डाक विभाग के माध्यम से निकाली है। वहीं, इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 55 हजार लोगों ने 23 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाली है। 'आपका बैंक, आपके द्वार' को चरितार्थ करते डाक विभाग की इस पहल को लोगों ने हाथों–हाथ लिया है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, असहाय लोग जो कि शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वृद्ध या फिर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहाँ पर एटीएम की सुविधा उपलब्ध नहीं है वहाँ पर भी डाक विभाग का डाकिया जाकर बैंक खातों से पैसे निकाल कर लोगों को उपलब्ध करा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर के किसानों के लिए कल्याणकारी योजना के रूप में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' के तहत 2000 रुपयों की सलाना तीन किश्तें जारी की जाती हैं। इस योजना से उत्तर प्रदेश के दो करोड़ से अधिक किसानों को सीधा फायदा हो रहा है। मंगलवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शिमला में गरीब कल्याण योजना के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद करने के साथ ही देश के लघु और सीमांत किसानों के खातों में दो–दो हजार रुपए की किसान सम्मान निधि जारी की। अब किसान घर बैठे यह राशि डाकिया के माध्यम से निकाल सकेंगे।

## साईकिल यात्रा से अस्वस्थ जीवनचर्या से छुटकारा पाने और ग्लोबल वार्मिंग से राहत पाने का संदेश दियाः–प्रतिमा वर्मा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र प्रतिमा वर्मा ने बताया है कि, नेहरू युवा केन्द्र एवं नमामि गंगे परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर डायट हरदोई के सामने से अमर जवान चौराहा, निरीक्षण भवन तिराहा, पुलिस लाइन से होते हुए नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय तक साइकिल यात्रा का आयोजन कर अस्वस्थ जीवनचर्या से छुटकारा पाने और ग्लोबल वार्मिंग से राहत पाने का संदेश दिया। साइकिल यात्रा में नमामि गंगे के स्पीरहैड सदस्य, गंगदूत, नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, युवा मंडल सदस्य एवं अन्य युवाओं ने भाग लिया। युवाओं ने साइकिल अपनाएं, सतत विकास में अपनी भूमिका निभाएं पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाएं, दो पहिया वाहन साइकिल अपनाएं जैसे नारों के उद्घोष किया। जिला परियोजना अधिकारी, अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा स्वयं साइकिल यात्रा में साइकिल चलाकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।




साण्डी के स्पीअरहैड कैलाश, जितेंद्र, हरियावां से भवानी प्रसाद शर्मा, हरदोई से प्रियांशु अवस्थी ने साइकिल यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाई। स्पीअरहैड कोमल, प्रतिभा तिवारी, मुस्कान कश्यप, दीक्षा, आरती कश्यप ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश कुमार, विकास सिंह, मृदुल अवस्थी द्वारा यात्रा के दौरान युवाओं मे नारों के उद्घोष कर युवाओं में जोश का संचार किया गया।

## शहीदों के सरताज साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 416वाँ पावन शहीदी दिवस मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के संस्थापक, बाणी के बोहिथ, शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरू साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 416वाँ पावन शहीदी दिवस ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिन्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य दीवान हाल में फूलों से सुसज्जित पालकी साहिब में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब पर विराजमान थे। दिनांक 01.06.2022 को रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति के पश्चात रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में आसा–दी–वार की पवित्र बाणी एवं ''जिसके सिर ऊपर तूं स्वामी सो दुख कैसा पावै।।'' शबद कीर्तन गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। विशेष रूप से पधारे ज्ञानी जसविन्दर सिंह जी दरदी प्रचारक श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर वालों ने श्री गुरू अरजन देव जी की जीवन पर गुरमति विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गुरू अरजन देव जी ने सभी गुरूओं और भक्तों की बाणियों को संकलन करके एक ग्रन्थ तैयार किया जिसका मूल तत्व परमपिता परमेश्वर की अराधना करना, जाति–पाँति एवं अन्ध विश्वासों का खण्डन करना और लोगों में आपसी भाई चारे की भावना पैदा कर परमेश्वर से जोड़ना है। उन्होंने 1604 को पहली बार गुरु ग्रन्थ को श्री हरमन्दिर साहिब श्री अमृतसर में स्थापित किया जिसके पहले ग्रन्थी बाबा बुड्ढ़ा जी बने। श्री गुरू अरजन देव जी ने 30 रागों में 2312 शबद लिखे, जिसमें श्री सुखमनी साहिब प्रमुख हैं। पंथ प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सुखजिन्दर सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब वालों ने अपनी मधुर बाणी में ''तेरा कीआ मीठा लागे हरि नामु पदारथ नानक मांगे।।''शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्याओं एवं गुरमत संगीत एकेडमी के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने श्री गुरू अरजन देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। रागी जत्था भाई भुपिन्दर सिंह जी गुरदासपुरी जी ने "जपउ




जिन् अरजन देव गुरु फिरि संकट जोनि गरभ न आइयो" गायन किया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरू सिंह सभा, नाका हिन्डोला, के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने समूह संगत को गुरू जी द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन स0 सतपाल सिंह मीत जी ने किया। दिनांक 24.04.2022 से 03.05.2022 तक निरन्तर 40 दिनों तक प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक माता गुजरी सत्संग सभा एवं समूह संगत की ओर से श्री गुरू अरजन देव जी के शहीदी दिवस को समर्पित श्री गुरू अरजन देव जी द्वारा रचित पाठ श्री सुखमनी साहिब के पाठ किये गये, पाठों की लड़ी की समाप्ति के उपरान्त मुख्य रूप से भाग लेने वाले पुरूषों एवं स्त्रियों को गुरू घर की कृपा सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक विशाल गुरू के लंगर का भी आयोजन स0 हरमिन्दर सिंह टीटू एवं हरविन्दरपाल सिंह नीटा की देखरेख में किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने एक पंक्ति में बैठकर गुरू का लंगर ग्रहण किया। लंगर वितरण की सेवा दशमेश सेवा सोसाइटी एवं खालसा इण्टर कालेज के बच्चों द्वारा की गई। कई प्रमुख स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा कढ़ी चावल, ब्रेड छोले, कच्ची लस्सी, काले चनें तथा जल जीरा वितरित किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में कई स्वयं सेवी संस्थाओं ने सहयोग किया जिनमें सिख सेवक जत्था, सिख यंग मेन्स एसोसियेशन, दशमेश सेवा सोसाइटी, खालसा एसोसियेशन, सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी, अमृत सेवक जत्था प्रमुख है।

# कई जगह से लौटाई गई मरीज का बलरामपुर अस्पताल मे हुआ जटिल ऑपरेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉक्टर एस आर समद्दर ने बताया कि पिछ्ले सप्ताह मेरे ओपीडी मे पेट मे दर्द व सूजन के साथ 45 वर्षीज भर्ती हुई जिसमे कई जटिलताएं थी जिसके कारण कई अस्पतालों ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया था। मरीज उच्च रक्त चाप, हाइपो थायराइड , मोटापा से ग्रसित थी ( वजन 105 ाह थी।) उच्च रक्तचाप व हाइपो थायराइड नियन्त्रित करने के बाद आज दिनांक 3 जून को उक्त मरीज का ऑपरेशन कर 4 किलो का बच्चेदानी सफलता पूर्वक निकाल लिया गया। ऑपरेशन मे 2 घन्टे 30 मिनट का समय लगा ।उल्लेखनीय है कि उक्त ऑपरेशन मे रक्त की आवश्यकता नही पडी ।मरीज खतरे से बाहर है। टीम मे डॉक्टर एस आर समद्दर



डॉक्टर ए के श्रीवास्तव डॉक्टर भट्ट एवं डॉक्टर भास्कर, स्टाफ उमा, सीमा डॉक्टर मोहम्मद अनस शामिल रहे।

## 29 वाहनों का चालान तथा 08 वाहनों को बन्द किया गयाः–राकेश सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उप जिलाधिकारी सवायजपुर राकेश सिंह ने बताया है कि शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आज एआरटीओ प्रवर्तन दयाशकंर, प्रभारी निरीक्षक थाना लोनार, जिला खनन अधिकारी/खनन निरीक्षक की संयुक्त टीम के साथ ओवर लोड वाहनों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान 29 वाहनों का चालान काटा गया तथा 08 वाहनों को बन्द किया गया। कुल 415000 रू का प्रशमन शुल्क लगाया गया। उप जिलाधिकारी ने लोगों से कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सहयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। शराब पीकर



व मोबाइल से बात करते हुए गाड़ी न चलाएं तथा भारी वाहन ओवर लोडिगं न करे।

# जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी डोभी का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी डोभी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गार्ड फाइल, ग्रान्ट रजिस्टर, जीपीएफ पासबुक, सर्विस बुक को देखा। जिलाधिकारी द्वारा आवास सेल में जाकर अब तक के स्वीकृत आवासों के संबंध में जानकारी ली और कहा कि ग्रामवार आवास के लाभार्थियों की सूची बनाए। बीएमएम को निर्देशित किया कि सुबह 2 घंटे ऑफिस में बैठे और बाकी के समय में गांव में जाकर समूह की बैठकों में सम्मिलित हो। कार्यालय में टॉप 03 समूह के नाम व फोटो लगाए जाएं। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सुभाष चंद्र को निर्देशित किया कि उनके विभाग के बड़े बकायेदारों का नाम लिखवाया जाए। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी कृषि को निर्देशित किया कि किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों की सूची व कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की सूची उनके पास रहे और अच्छे कार्य कर रहे किसानों का नाम लिखा जाए ताकि अन्य किसान उनसे प्रेरित हो। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की और अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए जा रहे तालाबों में मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य कराए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी छोटेलाल तिवारी को दिया। गो–आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आश्रय स्थल के पास हरा चारा बोया जाए। आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आपूर्ति निरीक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जहां पर



भी मनरेगा के तहत कार्य हो रहा है मौके पर मास्टर रोल अवश्य होना चाहिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा आयुष्मान भारत आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मौके पर सीएचओ प्रियंका भारती मौजूद मिली। सी एच ओ के द्वारा बताया गया कि ब्लड टेस्ट के सामान अभी उपलब्ध नहीं है, शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की जाती है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जितने भी सामान उपलब्ध है उनका शत–प्रतिशत उपयोग हो। एएनएम पुष्पा देवी के द्वारा डिलीवरी के संबंध में जानकारी दी गयी और बताया गया कि आज 9 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कोरोना टीका का वेस्टेज न हो। उन्होंने कहा कि बच्चों को लगने वाले टीके की अगली तिथि रजिस्टर पर अंकित कर दी जाए। कार्यालय खंड विकास अधिकारी के बगल में खाली स्थान पर पौधा रोपड़ कराए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिये गए।

# जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के मासिक बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के मासिक बैठक की अध्ययता करते हुए जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा संगठन से ही विधायक सांसद और सरकार बनते है उसी तरह संगठन के लोगों की जिम्मेदारी बनती हैं कि वे अपने नेता अखिलेश यादव के नितियों पर ही काम करें जिस तरह आज भाजपा सरकार में समाजवादी पार्टी के नेता से लेकर कार्यकर्ता को टारगेट बनाया जा रहा है उनको तमाम तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है और उनका मुकाबला हम सिर्फ एक जुटता से ही किया जा सकता हैं इसलिए संगठन अगर हमारा मजबूत रहेगा तो हम किसी भी लड़ाई को लड़ सकते हैं और मजबूती से उस पर विजय हासिल कर सकते हैं। वहीं केराकत विधायक तुफानी सरोज ने कहा कि कार्यकर्ता अपनें हौसलों को बनाए रखें हम लोग भले ही सरकार नहीं बना पाए लेकिन सरकार की गलत नीतियों को समाज के सामने उजागर करने का काम जरूर करेंगे भाजपा सरकार में दलित पिछड़े के सुख सुविधाओं को हाशिए पर रख दिया गया है उन को मूर्ख बना कर सत्ता हासिल कर लिया गया आज भाजपा सरकार में दलित पिछड़ों के हक



को मारा जा रहा है उनके आरक्षण खत्म किए जा रहे हैं जातीय जनगणना नहीं कराना चाहतीं है सरकार क्योंकि जातीय जनगणना होने से दलित पिछडा जाग जायेगा और अपना अधिकार मागने लगेगा समाज में यह सब बताने की जरूरत है हम समाजवादी लोग आपके हक अधिकार को दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम करेंगे बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, महेन्द्र यादव, राजेश यादव, रमापति यादव, रमेश साहनी, नीरज पहलवान,निजामुद्दीन अंसारी, डा शरफराज,कमाल,रुक्सार अहमद,विजय बागी, श्याम नरायण बिन्द, मेवालाल गौतम, राजेंद्र बहादुर यादव आदि।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत पौष्टिक आहार किट वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में क्षय रोग मुक्त विशेष अभियान के तहत पौष्टिक आहार किट वितरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंधक डॉक्टर सत्यव्रत त्रिपाठी ने कहा कि सभी टी वी मरीजों को समय से दवा व पौष्टिक आहार लेते रहना चाहिए क्योंकि जब आप स्वस्थ रहेंगे तो समाज भी स्वस्थ रहेगा। किसी भी प्रकार के नशा का सेवन बिलकुल न करें नहीं तो दवा असर नहीं करेगी जिसके कारण आपका जीवन संकट में होगा। आप सबको राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय रोगियों को निशुल्क जांच, कोमबिडिटी जांच ,ड्रग सेंसटिविटी जांच ,उपचार एवं निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत सहायता राशि रुपया 500/– प्रतिमाह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) द्वारा प्रदान की जा रही है।सरकार की यही मंशा है कि जल्द क्षय मुक्त भारत का निर्माण हो सके। इस क्रम में मेरी जानकारी में संस्था द्वारा टीवी देखभाल व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पौष्टिक आहार किट वितरण हेतु निरंतर प्रयास अत्यंत सराहनीय पहल है । टी वी हॉस्पिटल के एसटीएस नवीन सिंह ने कहा कि टी वी का इलाज पूरी तरह संभव है डॉट्स के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क दी जाती है किसी भी व्यक्ति को 2 सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी हो तो उसे टीवी हो सकती है। मनीष सोनी ने कहा कि टीवी के लिए अपने बलगम की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र डीएमसी में करवाएं यह जांच पूरी तरह निशुल्क की जाती है। सुबाष चौधरी ने कहा कि ध्यान रहे टीवी को जड़ से खत्म करने के लिए उसका उपचार पूरा करें ।टीवी से संबंधित जागरूकता फैलाने में आप सभी संस्थाओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है । रंजना शुक्ला ने कहा कि समाज के संभ्रांत लोगों को बीमारियों को खत्म करने में अपना योगदान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीसी सलिल कुमार यादव ने की संचालन प्रमोद कुमार प्रजापति ने किया। उक्त अवसर पर डॉक्टर सुधा सिंह ठाकुर प्रसाद राय सुरेश कुमार शुक्ला इत्यादि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय / संस्था सचिव संजय उपाध्याय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## सघन तलाशी के साथ बीएएलएलबी की परीक्षा शुरू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में संचालित बीएएलएलबी (ऑनर्स) कोर्स के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सप्तम सेमेस्टर की परीक्षाएं



दो पाली में सुचारू रूप से प्रारंभ हुई। उड़ाका दल के प्रो. देवराज सिंह एवं मंगला प्रसाद ने सघन तलाशी ली। परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन पर केंद्राध्यक्ष डॉ. गिरिधर मिश्र एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष डॉ. विनय वर्मा कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए समस्त उचित प्रबंधन कराया गया। कोविड गाइडलाइन का पूर्णतः पालन करा कर परीक्षा कराई गई।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा थाना चंदवक का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा थाना चंदवक का औचक निरीक्षण किया गया, महिला हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूछा कि आज कितनी शिकायतें प्राप्त हुई इस पर बताया गया कि कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर पुलिस की टीम भेजकर मामले का निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी के द्वारा अपराध




रजिस्टर, एससी एसटी रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर सहित अन्य का बारीकी से निरीक्षण किया गया और कहा कि पास्को एवं महिला उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर फीडबैक प्राप्त करें कि निस्तारण से संतुष्ट है कि नहीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिकायतों का थाने पर ही निस्तारण हो जाए, शिकायतकर्ताओं को जनपद में आना न पड़े। उन्होंने थाना परिसर में साफ–सफाई एवं आगंतुकों के लिए बैठने की कुर्सी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस के द्वारा लोगों से अच्छा व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनपद के थानों द्वारा कुल 05 वारंटी व 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 05 वारंटी व 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न हैः–

थाना मड़ियाहूं–

1.थाना मड़ियाहूं पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा मु0अ0सं0 917/2016 धारा 323/504 भा.द.वि. थाना मडियाहूँ जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त कल्लू पुत्र फौजदार निवासी सुभाषपुर पाली थाना मडियाहूँ, जौनपुर के विरूद्ध छठॅ का आदेश मा0 न्यायालय जारी किया गया था, मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त के घर पर दबिश देकर घर के सामने से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

थाना कोतवाली–

2.थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त राजीव उर्फ राजू पुत्र भोला नाथ साहू नि0 रसूलाबाद थाना कोतवाली जनपद जौनपुर सम्बन्धित वाद संख्या 5347/06 धारा स्टेट राजीव उर्फ राजू धारा 8/20 छक्कै ।बज थाना कोतवाली जनपद जौनपुर तारिखी पेशी 29.06.22 जारी माननीय न्यायालय अपर सिविल जज सीनियर डीबीजन प्रथम जनपद जौनपुर के आदेश के क्रम मे आज दिनांक 03.06.2022 को गिरफ्तार किया गया।

थाना मछलीशहर–

3. थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 123/2022 धारा 498A, 304B IPC व 3/4 DP Act में वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी विश्वपालपुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर उम्र करीब 54 वर्ष को आज दिनांक 03.06.2022 की रोडवेड बस स्टेशन मछलीशहर से गिरफ्तार किया गया । जिसे बाद आवश्यक कार्यवाही मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

थाना शाहगंज–

4. थाना शाहगंज पुलिस द्वारा मु0नं0 मु0नं0 253/2015 न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जनपद चन्दौली के आदेश के क्रम मे वारण्टी हसन उर्फ मुन्ना पुत्र समसुदीन उर्फ मटरू नि0 डफलटोला शाहगंज थाना शाहगंज जनपद जौनपुर अभियुक्त वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना सरायख्वाजा–

5.थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 105/22 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 1.सन्दीप कुमार पुत्र उदयभान उर्फ लालू निवासी अक्खीपुर थाना शाहगंज जौनपुर को लपरी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। तथा मु0न0– 11/12 धारा 323/506/376/511/359 भादवि सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 1– बोगी बिन्द पुत्र छंगु बिन्द निवासी सैफपुर जपटापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र 42 वर्ष उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

थाना गौराबादशाहपुर

थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा निर्गत वारण्ट मु0न0 1000/20 धारा 323/504 भादवि0 से सम्बन्धित एक वारण्टी रेनू मिश्रा पत्नी मनोज मिश्रा निवासी खटोलिया थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को उसके घर ग्राम खटोलिया थाना गौराबादशाहपुर क्षेत्रान्तर्गत से दिनांक 03.06.2022 को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शुदा वारण्टी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

## स्वस्थ्य रहने के लिए साइकिलिंग जरूरीः कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विधि संस्थान के विद्यार्थियों ने विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को साइकिल रैली निकाली। रैली को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.



मौर्य ने कहा कि साइकिल की विशेषता और बहुमुखी प्रतिभा को पहचानने के लिए 3 जून को अंतर्राष्ट्रीय विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि साइकिल से शारीरिक फिटनेस के साथ स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए साइकिल का उपयोग करना चाहिए। इससे पर्यावरण का खतरा भी कम होता है और प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पेट्रोल की बचत भी होगी। उनका मानना है कि इससे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी होता है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, दीपक सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य. डा. मंगला यादव, डा. सुनील कुमार, ईश्वर श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे तापमान को पेड़– पौधे करेंगे नियंत्रित –डॉ मनोज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के जनसंचार विभाग में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पौध रोपित किये गये। इस अवसर पर जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ रहे तापमान को हम इन्ही पेड़– पौधों के जरिये नियंत्रित कर सकते हैं। आबादी का घनत्व और संसाधनों की उपलब्धता आज बढ़ रही है। मानव बस्तियों के निरंतर विस्तार के चलते वन क्षेत्र कम हो गये हैं जिससे पर्यावरण असंतुलित हो गया है। इसी असंतुलन के चलते जीव,जंतु और वनस्पति की कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। हम सभी आज पौधा रोपित कर कल सुखद भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार ने कहा कि मानव को अपना जीवन सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रकृति से सभी वस्तएं मिलती है। यह हमारा दायित्व बनता है कि हम पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि अगर भावी पीढ़ी



के लिए स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना है तो हमें निरंतर पौधरोपण करना होगा। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ अवध बिहारी सिंह,श्यामा यादव,पंकज कुमार सिंह सहित लोग उपस्थित रहे।

# पात्र लोगों को प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभ दिलाने को प्राथमिकता दें:–अविनाश

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) आज माह के प्रथम शनिवार को तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विभाग से संबंधित विकास, निर्माण कार्यो के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं पात्र लोगों को प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ दिलाने को प्राथमिकता दें। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर सभी तरह की सरकारी भूमि आदि को तत्काल कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों के विरूद्व एंटी भूमाफिया एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेजें। विद्युत से संबंधित शिकायतों के सम्बन्धम में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई कराने के साथ खराब ट्रांस्फारमर समय पर बदलवायें और ट्यूबेल आदि कनेक्शन के लिए आये आवेदनों पर समस्त प्रक्रिया पूर्ण करते हुए तत्काल प्रभाव से कनेक्शन करायें। वृद्वावस्था एवं निराश्रित पेंशन प्रकरणों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन पेंशनरों की पेंशन स्वीकृत हो गयी है उनके खातों में निर्धारित अवधि पर पेंशन भेजें और जिन पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी और पेंशन के लिए नवीन प्रार्थना पत्रों की जांच कराकर स्वीकृत



के लिए भेजें। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा सभी थानाध्यक्ष सतर्क रह कर ग्रामीण क्षेत्रों के बीट सिपाही एवं चौकीदारों से प्रत्येक दिन गांव में होने वाली गतिविधियों की जानकारी लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के कुल 114 शिकायती प्रार्थना पत्र हुए जिनमें से 05 शिकायतों का निस्तार जिलाधिकारी ने मौके पर ही कराया। उन्होने थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में शान्ति बनाये रखने के लिए नियमित भ्रमण करें और दबंग, आसामाजिक, अपराधिक एवं भूमाफियों पर विशेष नजर रखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी ओपी तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, तहसीलदार, सीओ सिटी सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी सहित सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# निजी जमीन पर बना दिया सामुदायिक शौचालय : प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से की शिकायत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के अचकारी गांव में सामुदायिक शौचालय को लेकर एक अनूठा मामला सामने आया है। प्रधान का आरोप है कि पूर्व प्रधान और सचिव ने सामुदायिक शौचालय गांव के एक निजी जमीन पर बनवा दिया। जिसके बाद गांव वाले इस शौचालय में नही जा पाते। जिसकी जमीन है वह खुद ही इसका प्रयोग कर रहा है। जो सामुदायिक शौचालय गांव वालों के लिए बना था वह व्यक्तिगत बन कर ही रह गया है। वर्तमान प्रधान विनोद कुमार तिवारी ने खंड विकास अधिकारी सचिन भारती को एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमे लेखपाल की रिपोर्ट भी लगाई गई कि यह जमीन सार्वजनिक नही है। शिकायत के बाद हड़कंप मच गया। खंड विकास अधिकारी सचिन भारती ने कहा कि इसमें दो विकल्प है या तो जिसकी जमीन है वो ग्राम सभा को अपनी जमीन सौंप दे यदि वह ऐसा नहीं करता तो उस समय के प्रधान और सचिव से इसकी वसूली कराई जाएगी। पैसा खर्च होने के बाद भी यदि कोई सामुदायिक शौचालय चालू नही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। क्षेत्र में ऐसे कई सामुदायिक शौचालय हैं जहां या तो ताला बंद है या गंदगी बहुत है।

# घाटी से सरकार के दावों को आतंकियों ने घता बताया – आलोक त्रिपाठी लकी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सपा के वरिष्ठ नेता आलोक त्रिपाठी लकी ने कहा कि पिछले 25 दिनों से कश्मीर घाटी में जो कुछ चल रहा है। वह सरकार के दावों की कलई खोल कर रख दिया। कश्मीर में टारगेट किलिंग का खुला खेल चल रहा है। समाज को शिक्षित कर रहे शिक्षिका रजनीबाला, लोगों के मददगार सरकारी कर्मचारी राहुल भट्ट की गोली मारकर की गयी हत्या आतंकियों के बढ़े हौसले को बयां कर रहे हैं। सरकार के दावों को चुनौती दे रहे है। साथ ही इन आतंकी घटनाओं से कश्मीरी पंडितों को पलायन को विवश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2019 में धारा 370 हटने के बाद के कश्मीर की चर्चा में एक समृद्ध कश्मीर की कल्पना की गई थी। जहां न सिर्फ अमन चौन होगा बल्कि एक बड़े निवेश के साथ बेरोजगारी का खात्मा और खुशहाली का दौर होगा साथ ही विस्थापित कश्मीरी पंडितों का पुनर्वास होगा। यही नहीं कोई भी भारतीय कश्मीर में जमीन लेकर प्रसन्नता पूर्वक रहेगा। पर आज की जो दशा है ल कश्मीरी लोगों को चुन चुन कर मारा जा रहा है। रही बात पुनर्वसन की तो उनका कहना है कि यह दौर शायद 1990 से भी खराब दौर है। क्योंकि 1990 में जिन कश्मीरी पंडितों ने हौसला दिखाया और कश्मीर नही छोड़ा अब वह हौसला टूटता हुआ नजर आ रहा है, और वे अब पलायित हो रहे है।सरकार धारा 370 समाप्त कर, विशेष राज्य के दर्जे को समाप्त कर, और इनको केंद्र शाषित राज्य बनाकर सन्तुष्ट हो चुकी थी कि अब कश्मीर की समस्या का समाधान हो चुका है। पर यह सोच तो दो तक के फेसबुकिया समर्थकों का होता है जो सरकार के हर कदम को मास्टर स्टॉक बताते फिरते है। कश्मीर की समस्या सीमापार आतंकवाद और सीमा के भीतर बैठे आतंकी है , जब तक इनका खत्म नही होगा तबतक यह समस्या जस की तस बनी रहेगी। पर सरकार शायद पिछली सरकारों की कमियों को गिना कर अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री मान बैठी है। 1990 का दौर खौफनाक था, अब उसकी पुनरावृत्ति देखी नही जायेगी। अब 1990 से बहुत अच्छी परिस्थितियों के साथ हमारा शासन तंत्र काम कर रहे है। हमे कश्मीरियों के दर्द को समझते हुए कार्य करना पड़ेगा। कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है और इसकी सुरक्षा यहाँ के लोगो की सुरक्षा हमारा दायित्व है। और मेरा मानना है कि सरकार इस दिशा में भी काम करना चाहिए, ना कि छोटे प्रयाशो पर अपनी पीठ को थपथपा ले।

## मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन में ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर पत्रकारो में दिखी खुशी की लहर

सुल्तानपुर।(अमित श्रीवास्तव क्राइम ब्यूरो सुलातानपुर)मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन ने ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व.राम लौट सिंह निवासी ग्राम– पीथीपुर पलिया पोस्ट– कन्धईपुर जनपद– सुलतानपुर उत्तर–प्रदेश को राजेन्द्र पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के प्रबल संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर–प्रदेश के पद पर नियुक्त किया।ज्ञातव्य है कि श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह लोक समाचार 24□7 के प्रदेश मीडिया प्रभारी यूपी पद पर कार्यरत हैं एवं वरिष्ठ पत्रकार तथा समाजसेवी होने के साथ–साथ सदैव दबे कुचले एवं कमजोर वर्ग की आवाज बुलंद करते रहे हैं और पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक सफल पहचान बना चुके हैं। अब समूचे उत्तर–प्रदेश में संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति, मजबूती– विस्तार व संगठन के विकास हेतु अपना योगदान देंगें।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुलभूषण शुक्ला ने आशा व्यक्त करते हुए कहा संगठन में पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करते हुए पत्रकारों व समाज के प्रत्येक वर्ग को उनके हक और अधिकार दिलाने के साथ–साथ उनकी



आवाज बुलंद करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जी साथ देंगें और एसोसिएशन के कार्य को सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त मंडल और समस्त जिलों व तहसील में विस्तार करेंगें।ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के पत्रकार साथियों में खासा उत्साह व खुशी की लहर दिखी!

## मा0 राष्ट्रपति भारत गणराज्य के जनपद गोरखपुर आगमन पर डायवर्ट मार्गो का विवरण

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : 1. सर्किट हाउस से पैडलेगंज चौराहा, छात्रसंघ चौराहा,अम्बेडकर चौराहा, शास्त्री चौराहा, घोष कम्पनी चौराहा तक वीवीआईपी मार्ग पर कोई भी कार्मिशियल एवं प्राइवेट वाहन का आवागमन नही होगा । ये वाहन मोहद्दीपुर चौराहा, विश्वविद्यालय चौराहा से पुराना आरटीओ कार्यालय रोड से एवं सिटी माल के सामने से गोलघर होकर शहर में प्रवेश करेगें। 2. घोष कम्पनी चौराहा से गीता प्रेस मेन गेट एवं लालडिग्गी चौराहा तक वीवीआईपी रूट पर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेगा। ये वाहन घोष कम्पनी से थाना कोतवाली होकर नखास चौराहा से अपने गन्तव्य की ओर जायेगें। 3. नखास चौराहा से किसी भी प्रकार का वाहन रेती चौराहा की तरफ नही जायेगें। 4. इसी प्रकार घण्टाघर से कोई भी वाहन रेती चौराहा की तरफ नही आयेगे। ये वाहन हाल्सीगंज होते हुये अपने गन्तव्य की ओर जायेगें। 5. लालडिग्गी बंधा मोड़ से कोई भी वाहन (अधिकारी के अतिरिक्त ) लालडिग्गी चौराहें की ओर नही जायेंगे । 6. इसी प्रकार साहबगंज मण्डी तिराहा से कोई भी वाहन लालडिग्गी चौराहा की ओर नही जायेगे, पूर्ण रूप् से प्रतिबन्धित रहेगे। 7. गणेश टी कम्पनी (साहबगंज मंडी) की दुकान से राजस्थान अतिथि (गीता प्रेस) भवन के तरफ जाने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 8. बसंतपुर प्राथमिक विद्यालय (मदरसा चौराहा) से लालडिग्गी चौराहे के तरफ आने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेगें। ये वाहन हाल्सीगंज होकर अपने गन्तव्य को जायेगे। 9. गीतांजलि होटल से माया टाकीज तिराहा के तरफ आने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के वाहन का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। पैडलेगंज चौराहा से नौकायन तिराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 10. इसी प्रकार नौकायन तिराहा की तरफ से पैडलेगंज चौराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेगें। 11. गीता प्रेस से श्री गोरखनाथ मंदिर जाते समय घोष कम्पनी चौराहे से कचहरी चौराहे की तरफ कोई भी वाहन नही जायेगे पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा । ये वाहन शास्त्री चौराहा से अम्बेडकर और तमकुही तिराहा होकर अपने गन्तव्य को जायेगे। 12. इसी प्रकार टाउनहाल तिराहा से कोई भी वाहन कचहरी चौराहा की तरफ नही जायेगा। 13. शास्त्री चौराहा से कोई भी वाहन कचहरी चौराहा एवं गोलघर की तरफ नही जायेगें 14. असुरन चौराहा से कोई भी वाहन तीन पहिया / चार पहिया वाहन काली माता मंदिर की ओर नही जायेगें। ये वाहन कौवाबाग, बिछिया रेलवे अण्डर पास एवं मोहद्दीपुर होकर गंतव्य को जायेगें । 15. जे0पी0 हास्पिटल(गोरखनाथ पुल के पास) से कोई भी कार्मिशियल वाहन गोरखनाथ पुल की तरफ नही जायेगें। 16. लेबर तिराहे से कोई भी कार्मिशियल वाहन गोरखनाथ ओवरब्रिज और धर्मशाला की ओर नही जायेगे। 17. बरगदवा से कोई भी रोडवेज या अन्य बड़े वाहन शहर में प्रवेश नही करेगे। ये वाहन नकहा क्रासिंग पार करके फर्टिलाईजर एवं स्पोर्ट कालेज व खजांची चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जायेंगे । 18. यातायात तिराहा से कोई भी रोडवेज व अन्य बड़े वाहन धर्मशाला एवं गोरखनाथ ओवरब्रिज की ओर नही जायेगें । ये वाहन बिछिया अंडरपास एवं मोहद्दीपुर होकर जायेगें । 19. रेलवे रोडवेज बसस्टैंड से एवं कचहरी बस स्टैंड से कोई भी रोडवेज बस सीधे छात्रसंघ चौराहा से पैडलेगंज मार्ग पर नही जायेगी और ना ही आयेगी । ये बसें वाया मोहद्दीपुर होकर आवागमन करेंगी। वीआईपी/जनप्रतिनिधि/पुलिस/मीडिया का रूट 1. शहर क्षेत्र या जनपद के किसी भी क्षेत्र से आने वाले वीआईपी या जनप्रतिनिधि का वाहन हरबर्ट बंधा से प्रवेश कर मछली मण्डी बड़ा पार्किंग में पार्क होगा। 2. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी के वाहनों की पार्किगं माया टाकीज में होगा। 3. माया टाकीज पार्किंग भर जाने पर वरिष्ठ अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी बंधा के बगल में मछली मण्डी पार्क करेंगे। 4. पुलिस के दो पहिया वाहन ज्योतिवा राव फुले छात्रावास बंधा के बगल मे पार्क होगा। 5. पुलिस का चार पहिया वाहन अंध विद्यालय कैम्पस में पार्क होगा । 6. मीडिया दो पहिया वाहन नेहरू पार्क के बाउण्ड्री के बगल में पार्क होगा । 7. पुलिस पी0ए0सी0 एवं अर्धसैनिक बल के बड़े वाहन इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प के पास बंधे के किनारे खड़े होगे। 8. अन्य चार पहिया वाहन राजकीय आई0टी0आई0 कालेज कैम्पस (लालडिग्गी) में खड़े होगे। 9. आमंत्रित व्यक्तियो हेतु गीता प्रेस उत्तरी द्वार साहबगंज बाजार रोड़ पार्किग (गीताजंली होटल से गीता प्रेस उत्तरी द्वार तक) गीता प्रेस गोरखपुर पर आमंत्रित महानुभाव का रूट 1. वी0वी0आई0पी0 मार्ग पर सभी प्रकार के आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा । 2.गोरखनाथ,तिवारीपुर,सुरजकुंड क्षेत्र से आने वाले महानुभाव मोहद्दीपुर एरिया एवं गोलघर एरिया, अमर उजाला, टी0पी0 नगर एवं नौसड़ तिराहा, गीडा क्षेत्र से आने वाले आमंत्रित महानुभाव हरबर्ट बंधा के रास्ते इण्डियन आयल पेट्रोल टंकी से दाहिने मुड़कर साहबगंज बाजार पार करते हुये गीता प्रेस उत्तरी गेट से प्रवेश करेंगे और वाहन गीतांजलि होटल रोड पर पार्क करेंगे।

## कल से चलेगा दूसरी डोज का कोविड टीकाकरण अभियान : 24 जून तक कार्ययोजना बनाकर लगाया जाएगा टीका

जौनपुर सूवि. : जनपद में सोमवार (छह जून) से अभियान चलाकर कोविड टीके की दूसरी डोज से छूटे हुए लोगों का शत–प्रतिशत कोविड टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान 24 जून तक चलेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के लिए द्वितीय डोज के कम कवरेज वाले लक्षित भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार कार्ययोजना बनाई गई है। नियमित टीकाकरण के दिन बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण वाले गांवों में नियमित टीकाकरण के साथ ही कोविड टीकाकरण भी किया जायेगा। द्वितीय डोज के कम कवरेज वाले गांवों में घर के नजदीक कोविड वैक्सीनेशन सेंटर (सीवीसी) स्थापित कर द्वितीय डोज के शेष पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया जायेगा। द्वितीय डोज के बचे हुये लाभार्थियों की सूची कोविन पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके आधार पर आशा एवं अन्य फ्रंटलाइन वर्कर लाभार्थियों के घर–घर दस्तक देकर मोबलाइज करेंगी। वैक्सीनेशन टीम फ्लैक्सी टाइमिंग (जरूरत पड़ने पर आफिशियल टाइम नौ से चार बजे के पहले या बाद में भी टीकाकरण करेगी), स्पिलिट सेशन (सत्र का स्थान बदल–बदलकर), घर के नजदीक वैक्सीनेशन सेंटर आदि व्यवस्थाओं का उपयोग कर छूटे एवं बचे हुये लाभार्थियों का शत–प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करेगी। गर्मी की छुट्टी के बाद 16 जून से सभी स्कूल खुल रहे हैं। उस समय वैक्सीनेशन टीम स्कूलों में कैम्प लगाकर शेष छूटे हुए 12 से 14 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष आयुवर्ग के किशोर–किशोरियों का कोविड टीकाकरण कराएगी। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर से भी लक्षित लाभार्थियों को फोन कर कोविड टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जायेगा। उनके टीकाकरण की स्थिति के संबंध में सूचना इकट्ठा की जायेगी। जिन लाभार्थियों का टीकाकरण हो चुका है लेकिन कोविन पोर्टल पर नहीं चढ़ा है, उसका सत्यापन कराते हुए डीआईओ पोर्टल पर चढ़वाएंगे। अभियान के संबंध में स्थानीय प्लेटफार्मों, स्कूलों के वाट्सएप ग्रुप, स्थानीय शासन/जनप्रतिनिधि/मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कराया जायेगा। अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई थी जिसमें मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनुपम शुक्ला ने टीकाकरण में अन्तर्विभागीय सहयोग देने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया था । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में शासन से निर्देश प्राप्त हुये हैं । उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेश में कोविड टीकों के द्वितीय डोज का 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कवरेज 92 प्रतिशत, 12 से 14 वर्ष आयुवर्ग में कवरेज 30 प्रतिशत तथा 15 से 17 वर्ष के आयुवर्ग में कवरेज 77 प्रतिशत है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से द्वितीय डोज के ड्यू लाभार्थियों का शत–प्रतिशत कोविड टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह तथा डीआईओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि जिनको द्वितीय डोज नहीं लगा है, वह द्वितीय डोज अवश्य लगवा लें। जनपद में कोविड टीकाकरण की स्थिति – अब तक जनपद में 77,26,508 डोज से ज्यादा का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 40,63,629 लोगों को पहली डोज, 36,05,042 को दूसरी डोज तथा 57,958 को प्रीकाशनरी डोज का टीका लगाया जा चुका है। 12 से 15 वर्ष के लोगों में 2,61,170 डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 1,73,700 लोगों को पहली डोज तथा 87,470 लोगों को दूसरी डोज लग चुकी है। 15 से 18 वर्ष आयुवर्ग के लोगों में कुल 5,71,359 डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 3,09,019 को पहली डोज तथा 2,62,340 को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 45 वर्ष आयुवर्ग में कुल 45,71,558 डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 24,18,430 लोगों को पहली डोज तथा 21,53,128 लोगों को दूसरी डोज लग चुकी है। 45 से 60 वर्ष की आयुवर्ग में 13,43,047 डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 6,91,966 लोगों को पहली डोज तथा 6,51,082 लोगों को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में 8,90,400 डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 4,42,144 लोगों को पहली डोज, 4,21,937 लोगों को दूसरी डोज तथा 57,958 लोगों को प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है।

## पूर्व विधायक के भाई की दबंगई के चलते कॉलोनी की कटी लाइट : नगर विधायक से मिलकर की शिकायत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सत्ता के नशे में चूर भाजपा के पूर्व विधायक के भाई की दबंगई के चलते पांच घंटे तक एक कालोनी लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा। भीषण गर्मी में देर रात तक करीब 150 परिवार छटपटाता रहा। थाना कैंट की डिफेंस कॉलोनी के लोगों ने आरोप लगाया कि दबंग नेता ने अपने घर पर कम वोल्टेज आने के कारण अन्य लोगों के घर की बिजली ही कटवा दी। देर रात भारी पुलिस बल पहुंचने के बाद बिजली विभाग के कर्मियों ने केबल जोड़ आपूर्ति बहाल की। सूत्र के मुताबिक यह मामला थाना कैंट क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी का है।गुरुवार देर रात बिजली कटने के बाद महिलाएं, बच्चे व बूढ़े सब सड़क पर उतर आए। इसके बाद एक–एक कर लोगों ने सिविल लाइन सब स्टेशन फोन कर बिजली न आने का कारण पूछा तो आरोप के मुताबिक उन्हें पता चला कि मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा के भाई विक्की, पीआरओ व कुछ अज्ञात निवासी बरई का पुरवा ने बिजली कर्मियों को धमकाकर डिफेंस कॉलोनी की 60 मीटर केबल निकलवा दी है।बिजली कर्मियों ने बताया कि उन लोगों ने वोल्टेज कम आने का हवाला देते हुए पहले गाली–गलौज की फिर उसके बाद केबल उतरवाकर सीढ़ी व अन्य सामान अपने घर पर रखवा लिया। इस दौरान पुलिस आई तो उसे फिर डरा–धमकाकर भगा दिया।इसके बाद रात में लोगों ने प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मियों व सहादतगंज चौकी इंचार्ज को बुलाया। इसके बावजूद पूर्व विधायक के भाई ने तार जुड़वाने नहीं दिया और कहा, जाओ जिसे जो करना है कर ले, लेकिन केबल जोड़ने नहीं दूंगा।पुलिस कर्मियों



की काफी मिन्नतों के बाद दबंगों ने बिजली कर्मियों को सीढ़ी दी। पौने तीन बजे के करीब बिजली बहाल हो सकी।शुक्रवार को डिफेंस कॉलोनी के लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात की। वेद गुप्ता ने फेसू–1 के एसडीओ पंकज तिवारी को मौके पर बुलाया और उन्हें समझाया कि चाहे विधायक हों या पूर्व विधायक योगी सरकार में किसी की दबंगई नहीं चलेगी। कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने थाना कैंट एसओ अरुण प्रताप सिंह को भी पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व विधायक के भाई लाइन नहीं जोड़ने दे रहे थे। देर रात फोर्स लेकर किसी तरह लाइन जुड़वाकर आपूर्ति बहाल की गई। कॉलोनीवासियों की शिकायत पूरी तरह से सत्य है।इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी सूचित किया गया है।इस बात की पुष्टि पंकज तिवारी एसडीओ, फेसू ने की।

## पेंशनरों को गलती से जारी की गई अधिक राशि की वसूली करेगी सरकार : किस्तों के रूप में लिया जाएगा

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन निर्धारण में गलती से अधिक जारी की गई राशि की वसूली का फैसला किया है। पेंशनरों से पहले अदायगी का विकल्प मांगा जाएगा। यदि पेंशनर ने विकल्प नहीं दिया तो अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली पेंशन के एक तिहाई हिस्से से मासिक किस्त में की जाएगी। प्रदेश सरकार ने एक जनवरी 2016 से 31 जुलाई 2017 के बीच सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों के पेंशन भुगतान के संबंध में तीन नवंबर 2021 को एक शासनादेश जारी किया था। इसमें व्यवस्था थी कि ग्रेड पे–8700 के लिए निर्धारित तालिका–13 में संशोधन के फलस्वरूप वेतन में कमी होने की दशा में पेंशन में अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली नहीं की जाएगी। शासन ने अब इस आदेश में स्पष्टीकरण जारी करते हुए ऐसे पेंशनरों से वसूली का फैसला किया है। शासन ने कहा है कि एक जनवरी 2016 से 31 जुलाई 2017 के बीच सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए अब नई व्यवस्था लागू होगी। ऐसे जिन कार्मिकों का अंतिम वेतन (27 जुलाई, 2017 के शासनादेश से किए गए संशोधन के पूर्व ग्रेड वेतन–8700 के लिए) एक जनवरी 2016 से लागू तालिका–13 के अनुसार निर्धारित था, उनकी पेंशन उसी अंतिम वेतन




के आधार पर स्वीकृत होगी, जो संबंधित कार्मिक सेवानिवृत्त के समय प्राप्त कर रहा था। अगर पेंशन गणना में कोई लिपिकीय त्रुटि हुई हो तो उसे सुधारा जाएगा और ऐसी स्थिति में अधिक भुगतान की गई राशि का समायोजन किया जाएगा। इसके लिए पेंशनर को दो महीने की नोटिस दी जाएगी। उससे कहा जाएगा कि वह आगामी महीनों में पेंशन से एकमुश्त अथवा किस्तों में समायोजन कराने की जानकारी लिखित रूप से दे दें। अगर पेंशनर ने दो माह के अंदर अपना विकल्प नहीं दिया तो संबंधित कोषागार द्वारा अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली पेंशन के एक तिहाई भाग से मासिक किस्तों में की जाएगी। विशेष सचिव वित्त नीलरतन कुमार ने इस संबंध में विस्तृत शासनादेश जारी कर दिया है।

## नही रहे समाजसेवी व कालेज के प्रबन्धक बृजराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के शाहपुर गांव के मूल निवासी व कई शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक ,समाजसेवी बृजराज सिंह(90) का बीती रात हृदयाघात से नगर स्थित आवास पर निधन हो गया।शनिवार की सुबह उनके निधन की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव शाहपुर में अंतिम दर्शन करने हेतु लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। जनता इंटर कालेज खपरहा में उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी। देर शाम उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर कर दिया गया।। वे जनता इंटर कालेज खपरहा, बीआरयस पब्लिक इंटर कालेज शाहपुर, अमरावती सिंह इंटर कालेज विरपालपुर के प्रबंधक थे। शहर स्थित बीआरपी इंटर कालेज पर प्रधानाचार्य सुभाष सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा कर शिक्षको ने उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि दी।

## किशोरी के साथ गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में घर से रात नौ बजे शौच के लिए बाहर गयी एक किशोरी के साथ 23 मई को की गयी गैंगरेप के एक आरोपी को पुलिस ने शनिवार को सुबह इन्दिरा चौक से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया! अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए गये अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह मय हमराही सिपाहियों के साथ इन्दिरा चौक पर चक्रमण कर रहे थे! इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगरेप का आरोपी सूरज पाठक पुत्र पवन पाठक निवासी ग्राम बरक सराय थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ इन्दिरा चौक पर पुलिस बूथ के पास रोडवेज बस से कहीं भागने की फिराक में खड़ा है! मुखबिर की निशानदेही पर गैंगरेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि सामुहिक दुराचार के अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके सम्भावित ठिकानों पर गिरपतारी के लिए जगह जगह दबिश दे रही है! पीड़ता के भाई ने ग्राम गजहरमउं निवासी उत्तम उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, सचिन उपाध्याय तथा प्रतापगढ निवासी सूरज पाठक पर आरोप लगाया है कि उनकी बहन 23 मई को रात नौ बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी कि चारो लोगों ने मुंह बांध कर बारी बारी से उसके साथ गैंगरेप किया! गैंगरेप के दौरान आरोपियों ने पीड़िता का वीडियो भी बना कर यह धमकी दिया था कि यदि कहीं मुंह खोलोगी तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा!

## निर्माण कार्य की अवधि पूरी : निर्माण कार्य अधूरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गोधना से जरौना जाने वाली सडक के निर्माण कार्य पूरा करने की अवधि पूरी हो गयी लेकिन अभी तक निर्माण कार्य पूरा नही हो सका है ठोकेदार बाजारों मे इण्टरलाकिंग कार्य किये बिना ही सडक छोड दिया है जिससे राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड रहा है। गोधना से जरौना जाने वाली सडक का निर्माण 28 मई 2021 से शुरू हुआ था सडक पूरी करने की डेड लाइन 28 मई 2022 थी निर्माण कार्य की अवधि पूरी हो गयी है पर अभी बाजारो मे गिट्टी या बिखरी पडी है धूल उड रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत गोधना से जरौना जाने वाली 7.8 किमी लम्बी सडक का निर्माण 5 करोड 46 लाख की लागत से कराया जा रहा है क्षेत्र की प्रमुख बाजार अगहुआ किसान नगर मीरपुर सब्जी मंडी, मीरगज तिराहा, तथा जरौना को छोड बाकी सडक पर लेपन कार्य तीन माह पहले पूरा करा लिया गया पर इन बाजारो मे अभी तक इण्टरलाकिंग का कार्य नहीं कराया गया इन बाजारो मे इण्टरलाकिंग का काम कराने की बात करके ठेकेदार चला। सडक लगभग डेढ किमी तक छूटी पडी है जिससे राहगिरो को दिक्कत का सामना करना पड रहा है ग्रामीणों का आरोप है की बाजार मे धूल उड रही है जिससे लोगो को परेशान होना पड रहा है। वही ठेकेदार का कहना है की बाजारो मे लगने वाले पत्थर तैयार किये जा रहे है। पत्थर तैयार होते ही काम पूरा कर लिया जायेगा। फिलहाल जरौना मे नाली निर्माण शुरू करा दिया गया है अवरअभियन्ता अनिल राय का कहना है की सडक का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा।ठेकेदार बाजार मे लगने वाला पत्थर तैयार करा रहा है।

## आरजेबी परिसर में डिप्टी एसपी रहे शैलेश सिंह बने नये सीओ सिटी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने एक साथ आधा दर्जन से अधिक सीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जिसमे रामजन्मभूमि परिसर में रहे डिप्टी एसपी शैलेश सिंह को सीओ सिटी बनाया। वही डॉ०राजेश तिवारी को यातायात व्यवस्था से सीओ रुदौली बनाया। जबकि सतेन्द्र भूषण तिवारी सीओ बीकापुर से सीओ मिल्कीपुर का दायित्व सौपा'वही अनिल कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक रामजन्मभूमि परिसर को सीओ बीकापुर बनाया। जबकि सीसीटीएनएस अयोध्या प्रभारी रहे विजय प्रताप सिंह को सीओ क्राइम कार्यालय भेजा।वही पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या रहे धर्मेंद्र कुमार सिंह को सीओ यातायात का दायित्व सौपा। वही सीओ मिल्कीपुर रहे राकेश कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपाधीक्षक रामजन्मभूमि परिसर का दायित्व सौपा। वही सीओ रुदौली रहे सुरेन्द्र प्रताप तिवारी को पुलिस उपाधीक्षक रामजन्मभूमि परिसर में तैनाती मिली।

## आने वाले दिनों में तपन बढ़ेगी : हर दिन चलेगी हीट वेव

लखनऊ ब्यूरो : मौसम विभाग के मानकों पर जाएं तो राजधानी में हीट वेव नहीं चल रही है, पर आसमान से बरस रही आग इसे झुठला रही है। चार दिनों से पारा लगातार 41 से 43 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं, एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ रहने का अनुमान है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर गर्मी में ऐसे बदलाव स्वाभाविक हैं। वहीं, वैश्विक ताप वृद्धि को लेकर मौसम में बदलाव का अध्ययन करने में जुटे लखनऊ व दिल्ली के विशेषज्ञों के अध्ययन का निष्कर्ष बता रहा है कि आने वाले दिनों में हर दिन हीट वेव चलेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय में वरिष्ठ भू–वैज्ञानिक प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने बीते दशकों के आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक 1981–90 तक हीट वेव के 413 दिन थे। वहीं, 2010–20 में 600 दिन गर्म हवा के थपेड़े खाने को मिले। इन 200 दिनों की वृद्धि के आधार पर कहा जा सकता है कि 2020–30 में हीट वेव के 800 दिन हो सकते हैं। 15 अप्रैल से 15 जून तक लगभग 60 दिन हीट वेव चलती है। यदि चालू दशक में 800 दिन हीट वेव के होते हैं तो हर साल के 80 दिन होंगे। ऐसे में बहुत संभव है कि मानसून आगे खिसक जाए और हर दिन हीट दिवस हो। 11 मार्च से ही हीट वेव के हालात हो गए शुरू सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की विशेषज्ञ किरण पांडेय कहती हैं कि इस साल तो हीट वेव के हालात 11 मार्च से ही शुरू हो गए थे। उत्तर प्रदेश में 11 मार्च से 18 मई तक 18 हीट वेव दिवस दर्ज हुए। यानी 2010, 2012 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल हुई है। वहीं, नौ जून तक के लखनऊ के पूर्वानुमान को देखें तो अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहने का अनुमान है, लेकिन हीट वेव की आशंका नहीं जताई जा रही है। तेज धूप, गर्म हवा के थपेड़े, फिर भी हीट वेव नहीं! बीते तीन दिनों के मौसम की बात करें तो धूप इतनी तेज है कि घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। गर्म हवा के थपेड़ों ने हाल बेहाल कर रखा है। उमस चरम पर है, फिर भी मौसम विभाग का कहना है कि हीट वेव नहीं है। दरअसल, तय मानकों के मुताबिक, हीट वेव तब होती है जब किसी जगह का तापमान मैदानी इलाकों में 40, तटीय इलाकों में 37 और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री सेल्सियस होता है। साथ ही लगातार दो दिन तक इसमें सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री का उतार–चढ़ाव बना रहे। इसके अलावा यदि तापमान 45 डिग्री पार कर जाए तो भी हीट वेव होती है।10–11 जून तक प्री–मानसून बारिश के भी आसार मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय दबाव मानसूनी हालात बना रहे हैं। इससे नमी बनी है। वहीं, पूर्वी हवाएं चल रही हैं। इन दोनों कारणों से लखनऊ व प्रदेश में उमस भरा माहौल बना हुआ है। वहीं, 10 और 11जून तक प्री मानसूनी बारिश के भी संकेत हैं।

## अमृत योग माह के अंतर्गत योग अभ्यास के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण



जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी मिशन निदेशक /आयुष सचिव सुखलाल भारती के निर्देशन में तथा जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी जौनपुर डॉ टी.डी. वर्मा एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जौनपुर डॉ कमल ' के मार्गदर्शन में राजकीय होम्योपैथ चिकित्सालय जिला अस्पताल जनपद जौनपुर पर संचालित 'योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक प्रतिमा देवी एवं योग सहायक राकेश यादव द्वारा अमृत योग माह के अंतर्गत योग अभ्यास के माध्यम से गोपीघाट पर आज दिन 4 जून 2022 को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु योग का प्रशिक्षण दिया गया उन सभी आसनों की उपयोगिता,और योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया योग प्रक्षिक्षक डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया की 21 जून योग दिवस की तैयारी चल रही हैं इस बार घर घर मुहल्ले मुहल्ले योग कार्यक्रम होगा जिसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।